दिनांक : 06.05.2025 समय : 07.10AM

**प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी, भोपाल**

**प्रात:कालीन समाचार**

मुख्य समाचार :-

- राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के 244 जिलों में कल सुरक्षा तैयारियों का होगा अभ्यास, गृहमंत्रालय ने दिए निर्देश।
- माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं, 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम आज सुबह 10 बजे होंगे घोषित।
- यूनियन कार्बाइड के कचरे को जलाने का अंतिम चरण पीथमपुर में हुआ शुरू।
- भोपाल, इंदौर सहित कई जिलों में तेज बारिश और आंधी के साथ हुई ओलावृष्टि।

अब समाचार विस्तार से:-

गृह मंत्रालय-नागरिक सुरक्षा

गृह मंत्रालय ने राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों से सुरक्षा तैयारियों के आकलन के लिए कल मॉक ड्रिल कराने को कहा है। देश के 244 वर्गीकृत जिलों में ग्राम स्तर तक यह अभ्यास कराने का फैसला किया गया है। केन्द्रीय गृह सचिव गोविन्द मोहन आज राज्यों के मुख्य सचिवों के साथ इस बारे में बैठक करेंगे। सुरक्षा अभ्यास का मुख्य उद्देश्य हवाई चेतावनी प्रणालियों, भारतीय वायु सेना के साथ हॉट लाइन या रेडियों संचार व्यवस्था की प्रभावकारिता और नियंत्रण कक्षों की कार्य क्षमता का परीक्षण करना है। इस अभ्यास में विद्यार्थियों सहित सभी नागरिकों को हमले की स्थिति में स्वयं को सुरक्षित रखने का प्रशिक्षण मिलेगा। मॉक ड्रिल के दौरान महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा और सुरक्षित निकासी का अभ्यास भी होगा।

परीक्षा परिणाम

मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम आज सुबह 10 बजे घोषित किये जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज समत्व भवन में परीक्षा परिणाम घोषित करेंगे। इस वर्ष प्रदेश के 16 लाख 50 हजार विद्यार्थी इन परीक्षाओं में शामिल हुए थे। मण्डल द्वारा विभिन्न पोर्टल के माध्यम से परीक्षा परिणाम ज्ञात करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। mpbse.mponline.gov.in सहित कई अन्य वेबसाईट पर परिणाम परीक्षा उपलब्ध रहेंगे। इसके साथ ही छात्र Digilocker के माध्यम से परीक्षा परिणाम देख सकेंगे।

मुख्यमंत्री-मंडला

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल मंडला के रामनगर में दो दिवसीय आदि उत्सव को संबोधित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हृदय शाह द्वारा बनाये गए मोती महल का अवलोकन करते हुए लोक कला प्रदर्शनी का भी शुभारंभ किया। साथ ही उन्होंने 61 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन भी किया। इस अवसर पर उन्होंने जनजातीय समुदाय के गौंड राजाओं के बने स्मारकों व किलों के विकास कार्य कराने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि रामनगर और मंडला में राजा शंकरशाह, कुंवर रघुनाथ शाह, रानी दुर्गावती, मोतीमहल, रानी महल को भी विकास कार्यों में शामिल किया जाएगा। उन्होंने रामनगर स्थित मढ़िया के विकास के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री-जबलपुर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल जबलपुर के ग्राम रिंवझा में श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ एवं श्रीमद भागवत कथा में शामिल हुए। श्रीमद भागवत कथा का आयोजन गौरी गोपाल आश्रम, वृंदावन के संस्थापक एवं प्रख्यात कथावाचक डॉ. अनिरुद्धाचार्य महाराज द्वारा किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आयोजन स्थल पर पहुँचकर अनिरुद्धाचार्य महाराज से भेंट की।

कचरा निपटान

भोपाल के यूनियन कार्बाइड के रासायनिक अपशिष्ट को पूरी तरह नष्ट करने का अंतिम चरण शुरू हो गया है। भोपाल से कंटेनरों में भरकर लाए गए 307 टन इस जहरीले कचरे को पीथमपुर में इंवायरो एनर्जी कंपनी के भस्मक संयत्र में कल रात से जलाने की प्रक्रिया शुरू हुई। संयत्र में 270

किलो प्रति घंटे की दर से कचरे को 850 से 1100 डिग्री सेल्सियस तापमान पर जलाया जाएगा। उच्च न्यायालय के निर्देश के अनुसार, इस जहरीले कचरे को दहन की प्रक्रिया शुरू की गई है। विशेषज्ञों के मुताबिक अगले 51 से 55 दिन में यह कचरा पूरी तरह नष्ट कर दिया जाएगा।

शिक्षक प्रशिक्षण

भोपाल के सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय में कल से तीन दिवसीय विज्ञान शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला शुरू हुई। कार्यशाला में प्रदेश के चयनित मास्टर्स ट्रेनर्स सहभागिता कर रहे हैं। यह मास्टर ट्रेनर्स अपने-अपने जिलों में जाकर जिले के विज्ञान शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। कार्यशाला में विज्ञान शिक्षकों के लिए कक्षा 6 से 12 के प्रायोगिक एवं प्रोजेक्ट आधारित शिक्षण व्यवस्था की जानकारी दी जा रही है। कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को 'करके सीखने' की पद्धति, प्रोजेक्ट आधारित शिक्षण और 21वीं सदी के कौशलों से विद्यार्थियों को सशक्त करना है। स्कूल शिक्षा विभाग नई शिक्षा नीति के आधार पर शिक्षकों के प्रशिक्षण पर विशेष जोर दे रहा है। इसी उद्देश्य को पूरा करने के लिये विज्ञान शिक्षको की कार्यशाला आयोजित की जा रही है।

बिहार- खेलो इंडिया

बिहार में खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में कर्नाटक चार स्वर्ण और पांच रजत पदकों के साथ पदक तालिका में शीर्ष पर है। दिल्ली दो स्वर्ण सहित छह पदक के साथ दूसरे जबकि राजस्थान दो स्वर्ण सहित तीन पदकों के साथ तीसरे स्थान पर है। प्रतियोगिता के तीसरे दिन आज हॉकी, टेबल टेनिस, साइक्लिंग और रग्बी जैसे खेल आयोजित किए जाएंगे। जूडो, तैराकी और निशानेबाजी की भी आज प्रतिस्पर्धाएं होंगी। कल निशानेबाजी प्रतियोगिता नई दिल्ली के डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में शुरू हुई। 10 मीटर एयर राइफल मिक्स्ड टीम युवा वर्ग में, राजस्थान की टीम ने रोमांचक मुकाबले में स्वर्ण पदक जीता। पेश है

मौसम

प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में कल तेज बारिश, आंधी और ओलावृष्टि हुई। जिससे अधिकतम तापमान 40 डिग्री के नीचे पहुंच गया है। भोपाल में कल दोपहर बाद से आज सुबह तक तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। देर रात तक आधा इंच बारिश हो चुकी थी। इसके अलावा इंदौर, सिंगरौली, सीहोर, छिंदवाडा और सिवनी जिलों में भी तेज हवा के साथ ओले गिरे। मौसम विभाग ने आज भी 22 जिलों में ओला और बारिश का अलर्ट जारी किया है। इनमें इंदौर, उज्जैन, देवास, शाजापुर, शिवपुरी शामिल हैं।

आईपीएल

आईपीएल क्रिकेट में कल रात हैदराबाद में डेल्ही कैपिटल्स और सनराईजर्स हैदराबाद के बीच मुकाबला तेज बारिश के कारण बेनतीजा रहा। डेल्ही कैपिटल्स ने पहले खेलते हुए 7 विकेट पर 133 रन बनाए थे। सनराईजर्स हैदराबाद की पारी बारिश के कारण शुरू नहीं हो पाई। दोनों टीमों को एक-एक अंक मिले, जिसके बाद सनराईजर्स हैदराबाद प्लेऑफ दौर से बाहर हो गया है जबकि डेल्ही कैपिटल्स पांचवें स्थान पर है।

आज मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस का सामना गुजरात टाईटंस से होगा। मैच शाम साढ़े सात बजे से शुरू होगा।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- मध्यप्रदेश मंत्रिपरिषद की आज भोपाल में बैठक प्रस्तावित है। बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये जाएंगे। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव करेंगे।
- उमरिया जिले में कल जिला स्तरीय मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह समारोह में प्रदेश के अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री ी नागर सिंह चौहान शामिल होंगे।
- मैहर जिले में रीवा जोन के आईजी गौरव राजपूत ने जनता से सीधा संवाद स्थापित करने के लिए 'जन चौपाल-आईजी आपके द्वार' अभियान की शुरुआत रीवा जोन के मैहर तहसील के ग्राम पहाड़ी से की।
- शिवपुरी जिले में खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर समर कैंप 2025 का आयोजन 07 मई से 15 जून तक होगा।

- जल गंगा सर्वधन के तहत जन अभियान परिषद विकास खण्ड बजाग नवांकुर संस्था - ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति द्वारा मझियाखार में ग्राम चरखुटिया में जल संरक्षण को लेकर स्वच्छता का कार्य किया गया।
- नरसिंहपुर जिले के महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के छात्रवृत्ति के लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए विशेष कैम्प 8 मई तक आयोजित किये जा रहे हैं।
- भोपाल के बरकतउल्ला विश्वविद्यालय नेएक्सीलेंस कॉलेज को मनोविज्ञान का रिसर्च सेंटर घोषित कर नोटिफिकेशन जारी कर दिया है।
- झाबुआ कलेक्टर नेहा मीना ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत 2400 से अधिक जल संरचनाओं को राजस्व अभिलेखों में सम्मिलित किये जाने की समीक्षा की।
- आगरमालवा जिला सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग द्वारा आज जिले के नलखेड़ा स्थित कृषि उपज मंडी प्रांगण में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में 140 जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगे।

-------

**न्यूज फॉर हिन्दी वैब .**

(1) परीक्षा परिणाम

मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम आज सुबह 10 बजे घोषित किये जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज समत्व भवन में परीक्षा परिणाम घोषित करेंगे। इस वर्ष प्रदेश के 16 लाख 50 हजार विद्यार्थी इन परीक्षाओं में शामिल हुए थे। मण्डल द्वारा विभिन्न पोर्टल के माध्यम से परीक्षा परिणाम ज्ञात करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। mpbse.mponline.gov.in सहित कई अन्य वेबसाईट पर परिणाम परीक्षा उपलब्ध रहेंगे। इसके साथ ही छात्र Digilocker के माध्यम से परीक्षा परिणाम देख सकेंगे।

(2) मुख्यमंत्री-मंडला

मुख्यमंत्री ड़ॉ. मोहन यादव ने कल मंडला के रामनगर में दो दिवसीय आदि उत्सव को संबोधित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हृदय शाह द्वारा बनाये गए मोती महल का अवलोकन करते हुए लोक कला प्रदर्शनी का भी शुभारंभ किया। साथ ही उन्होंने 61 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन भी किया। इस अवसर पर उन्होंने जनजातीय समुदाय के गौंड राजाओं के बने स्मारकों व किलों के विकास कार्य कराने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि रामनगर और मंडला में राजा शंकरशाह, कुंवर रघुनाथ शाह, रानी दुर्गावती, मोतीमहल, रानी महल को भी विकास कार्यों में शामिल किया जाएगा। उन्होंने रामनगर स्थित मढ़िया के विकास के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

बाईट- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

(3) कचरा निपटान

भोपाल के यूनियन कार्बाइड के रासायनिक अपशिष्ट को पूरी तरह नष्ट करने का अंतिम चरण शुरू हो गया है। भोपाल से कंटेनरों में भरकर लाए गए 307 टन इस जहरीले कचरे को पीथमपुर में इंवायरो एनर्जी कंपनी के भस्मक संयत्र में कल रात से जलाने की प्रक्रिया शुरू हुई। संयत्र में 270 किलो प्रति घंटे की दर से कचरे को 850 से 1100 डिग्री सेल्सियस तापमान पर जलाया जाएगा। उच्च न्यायालय के निर्देश के अनुसार, इस जहरीले कचरे को दहन की प्रक्रिया शुरू की गई है। विशेषज्ञों के मुताबिक अगले 51 से 55 दिन में यह कचरा पूरी तरह नष्ट कर दिया जाएगा।

(4) शिक्षक प्रशिक्षण

भोपाल के सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय में कल से तीन दिवसीय विज्ञान शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला शुरू हुई। कार्यशाला में प्रदेश के चयनित मास्टर्स ट्रेनर्स सहभागिता कर रहे हैं। यह मास्टर ट्रेनर्स अपने-अपने जिलों में जाकर जिले के विज्ञान शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। कार्यशाला में विज्ञान शिक्षकों के लिए कक्षा 6 से 12 के प्रायोगिक एवं प्रोजेक्ट आधारित शिक्षण व्यवस्था की जानकारी दी जा रही है। कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को ’करके सीखने’ की पद्धति, प्रोजेक्ट आधारित शिक्षण और 21वीं सदी के कौशलों से विद्यार्थियों को सशक्त करना है। स्कूल शिक्षा विभाग नई शिक्षा नीति के आधार पर शिक्षकों के प्रशिक्षण पर विशेष जोर दे रहा है। इसी उद्देश्य को पूरा करने के लिये विज्ञान शिक्षको की कार्यशाला आयोजित की जा रही है।

(5) मौसम

प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में कल तेज बारिश, आंधी और ओलावृष्टि हुई। जिससे अधिकतम तापमान 40 डिग्री के नीचे पहुंच गया है। भोपाल में कल दोपहर बाद से आज सुबह तक तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। देर रात तक आधा इंच बारिश हो चुकी थी। इसके अलावा इंदौर, सिंगरौली, सीहोर, छिंदवाडा और सिवनी जिलों में भी तेज हवा के साथ ओले गिरे। मौसम विभाग ने आज भी 22 जिलों में ओला और बारिश का अलर्ट जारी किया है। इनमें इंदौर, उज्जैन, देवास, शाजापुर, शिवपुरी शामिल हैं।

..................